डोंगला वेधशाला के उपकरणों की क्षमताओं को और बढ़ाया जाएगा : डॉ. यादव

भोपाल (काप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान का उद्गम स्थल रहा है। भारत ने विश्व गुरु की भूमिका निभाते हुए हमेशा विश्व को रास्ता भी दिखाया है।

हमारी प्राचीन परंपराओं ने विश्व को नई दिशा दिखाई है अणु-परमाणु की व्याख्या, ब्रह्मांड के रहस्य,पेड़-पौधों में जीवन का सिद्धांत, सब हमारे दर्शन से ही लिया गया है। हमारे पंचांग इतने सटीक है कि वह आज भी सूर्य और चंद्र ग्रहण का सटीक समय बताते हैं। भारत आध्यात्म, विज्ञान, खगोल, चिकित्सा जैसे कई क्षेत्रों में विश्व जगत का नेतृत्व करता रहा है। आज भी भारत पूरे विश्व के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है। डॉ. यादव डोंगला वराहमिहिर वेधशाला में आयोजित खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को उज्जैन से वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने सभी का अभिवादन किया। एसीएस संजय दुबे ने संगोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। डोंगला में डीआरडीओ के प्रतिनिधि डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने डोंगला वेधशाला के विकास में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सहयोग एवं मार्गदर्शन से अवगत कराया। कुलगुरु विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन प्रो. अर्पण भारद्वाज ने सभी का आभार माना।

सारंग ने किया अल्पना टॉकीज तिराहे पर सड़क व नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण

भोपाल (काप्र)। सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने अल्पना तिराहे से भारत टॉकीज तिराहे पर निर्माणाधीन सड़क एवं नाले के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सारंग ने निर्माण कार्य में अनियमितताओं और लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की। मंत्री श्री सारंग ने लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, मेट्रो और यातायात सहित सम्बंधित सभी विभागों को समेकित प्लान तैयार करने के निर्देश दिये।

श्री सारंग ने निरीक्षण के दौरान कहा कि निर्माण कार्य बिना उचित सर्वेक्षण और योजना के शुरू किया गया है। नगर निगम द्वारा बनाई गई नाली नीचे है, जबकि पीडब्लूडी द्वारा बनाई गई नाली ऊंची है। नालियों का निर्माण भी सही तरह से नहीं किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्लानिंग और सर्वेक्षण के अनुसार अधिकारी कार्य करें। मंत्री श्री सारंग ने विधिवत प्लान तैयार कर निर्माण कार्य करने के निर्देश दिये । उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार करने के साथ ही अतिक्रमण हटाने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि अनियमितता करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। बगैर योजनाबद्ध चैनेलाइजेशन के पातरा नाले में पानी डिस्चार्ज करने से यह शहर में बाढ़ का कारण बन सकता है।

बालरंग में 22 राज्यों की लोक संस्कृति पर केन्द्रित हुए नृत्य

भोपाल (काप्र)। राष्ट्रीय बालरंग के दूसरे दिन शनिवार को राष्ट्रीय मानव संग्रहालय श्यामला हिल्स में 22 राज्यों की लोक संस्कृति पर केन्द्रित नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां देशभर के बच्चों ने दी।

इन प्रस्तुतियों में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की झलक देखने को मिली। बाल रंग में विभिन्न राज्यों के 10 हजार बच्चें अनेक रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता कर रहे हैं। बालरंग के दूसरे दिन सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल बच्चों के बीच पहुंचे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बालरंग कार्यक्रम मध्यप्रदेश का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बच्चों को पढ़ाई के साथ विभिन्न गतिविधियों से सक्रिय रूप से जोड़ने की अनुशंसा की गई है। बालरंग में शामिल बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दूसरे बच्चों के लिये प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मानव संग्रहालय की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान है। बच्चों को संग्रहालय का भ्रमण भी करवाया जाये। डॉ. गोयल ने इस मौके पर प्रकाशित बाल पत्रिका का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम की शुरूआत में पंजाब के बच्चों ने लोक संस्कृति पर केन्द्रित नृत्य की प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति में पंजाब की विरासत का बखान था। मध्यप्रदेश के बच्चों ने महाकौशल अंचल के लांगुरिया लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। इसमें ईश्वर की आराधना आस्था के साथ किस तरह से होती है। उसको आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया था। कार्यक्रम में मानव संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे और विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

राष्ट्रीय गणित दिवस पर मेपकास्ट द्वारा प्रदेश के 128 संस्थाओं में कार्यक्रमों का आयोजन

भोपाल (काप्र)। भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को सम्मानित करने और उनके योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 2012 में 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय गणित दिवस घोषित किया है तब से सारे देश में 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी तारतम्य में म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद्, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के साथ संयुक्त रूप से राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन मप्र में किया जायेगा। मप्र में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन 29 जिलों में किये जाने हेतु मेपकास्ट द्वारा 128 संस्थानों संस्थाओं का चयन किया गया है । यह आयोजन प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, वैज्ञानिक संस्थाओं में किया जायेगा। गणित से सम्बंधित रंगोली, पेंटिंग, क्विज, गणितीय अरोगामी, विशेषज्ञों द्वारा उद्बोधन एवं गणित में करियर बनाने हेतु मार्गदर्शन, भारतीय गणितज्ञों का योगदान, श्रीनिवास रामानुजन पर वृत्तचित्र, गणित पहेलियाँ, अल्गोरिथम सलूशन, डिजिटल प्लेटफॉर्म और गेम-आधारित लर्निंग इत्यादि गतिविधियाँ संचालित की जाएगी।

पर्यटकों को बिना चले कराई पृथ्वी की परिक्रमा

भोपाल (काप्र)। आये तो थे टाईगर एवं अन्य वन्य प्राणियों से साक्षात्कार करने लेकिन अपनी जंगल सफारी करने के बाद पर्यटकों ने अपनी होटल के प्रांगण में एक स्थान पर ही रहकर पृथ्वी की परिधि की लंबाई माप ली ।

नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू द्वारा मध्यप्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल मढ़ई रिवरसाईड लॉज प्रांगण में आयोजित प्रयोग में देश के विभिन्न राज्यों से पर्यटकों ने पृथ्वी की परिधि मापने के लिए 23 सौ साल पहले ग्रीक एस्ट्रोनॉमर इरेटोस्थेनीज के प्रयोग का इस्तेमाल किया । इससे पृथ्वी की परिधि का मान 40, 696 किमी ज्ञात किया। जो कि वास्तविक मान 40,075 किमी के काफी करीब था । सारिका द्वारा आयोजित प्रयोग में सुबह 11:30 बजे 4 फीट के पाईप को सीधा खड़ा करके उसकी बनने वाली छाया की लंबाई को हर 5 मिनिट बाद मापा । 12.20 पर बनी सबसे छोटी छाया के कोण को चांदे की मदद से मापा गया । इस कोण और मकर रेखा से मढ़ई की दूरी के अनुपात की 360 डिग्री कोण तथा पृथ्वी की परिधि से तुलना की। सारिका ने बताया कि विटर सोलिस्टिस की खगोलीय घटना के दिन मकर रेखा पर सूर्य की किरणें ठीक लंबवत पड़ रहीं थी। तो वहां से 5087 किमी की एयर डिस्टेंस पर जब मढ़ई में पाईप की छाया मापी गई तो कोण का मान लगभग 45 डिग्री मिला।

सेन्ट्रल वर्ज से मेट्रो के लिए खम्बे हटाएं एवं पुराने सर्वधर्म पुल का पुर्ननिर्माण हो : राठौड़

भोपाल (काप्र)। कोलार सिक्सलेन के सेंट्रल वर्ज को मेट्रो के लिए खाली रखने एवं पुराने सर्वधर्म पुल के पूर्ननिर्माण की मांग कांग्रेस नेता राहुल सिंह राठौड़ ने भोपाल कलेक्टर,लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता एवं भोपाल पी डब्लू डी के मुख्य अभियंता से मांग की हैं कि कोलार सिक्सलेन के सेन्ट्रल वर्ज में कोलार तिराहे से लेकर मंदाकिनी चैराहे एवं आगे तक सेन्ट्रल वर्ज पर लगाये गये बिजली के खम्बे का कार्य वर्कआर्डर के हिसाब से नहीं किया गया हैं, क्योंकि कोलार सिक्स लेन के सेन्ट्रल वर्ज से भविष्य में मैट्रो की लाईन बनाई जाएगी जिसके कारण सेन्ट्रल वर्ज को रिक्त ही छोडा जाना था यह बात पूर्व में अधिकारियों द्वारा निरंतर बताई गई थी मगर फिर भी सेन्ट्रल वर्ज मे अभी स्ट्रीट लाईट के बिजली के खम्बे लगा दिये गये हैं और भविष्य में आने वाली मैट्रो की लाईन के लिए कोई भी रिक्त स्थान नहीं छोडा गया हैं। कांग्रेस नेता राहुल सिंह राठौड़ ने बताया कि कोलार में मैट्रो की लाईन बनने पर शासन द्वारा इन खम्बो को कोलार सिक्सलेन के सेन्ट्रर वर्ज को हटाया जायेगा जिससे कि शासन को करोड़ों रूपये का नुकसान हो सकता हैं,कोलार सिक्सलेन के सेन्ट्रल वर्ज पर स्ट्रीट लाईट के बिजली के खम्बे नहीं लगवाये जायें।

मप्र करप्शन का समुद्र बन गया हैं : पटवारी

भोपाल (काप्र)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शनिवार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये प्रदेश की एक वर्ष की भाजपा सरकार और उसमें व्याप्त भारी भ्रष्टाचार, कर्ज और अपराधों की श्रृखंला पर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हये मोहन यादव सरकार पर प्रश्नचिन्ह लगाया है।

श्री पटवारी ने कहा कि जहां एक ओर भाजपा एक वर्ष पूरा होने पर जनकल्याण पर्व मना रही है वहीं भाजपा से संरक्षित नेताओं, अधिकारियों और छोटे से कर्मचारियों के यहां करोड़ों की बेनामी संपत्ति के मिलने के खुलासे हो रहे हैं तो कहीं करोड़ों रूपये के सोने और चांदी पकड़े जाने की खबरे सामने आ रही है। इससे स्पष्ट है कि सरकार में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है। हाल ही में सामने आये भ्रष्टाचार के मामले, जिसमें एक आरटीओ आरक्षक के यहा से करोड़ों रूपयें की संपत्ति मिली है। करप्शन के समुद्र का आरटीओ विभाग का यह मामला सबसे छोटी मछली है, तो प्रदेष में कितने बड़ी-बड़ी मछलिया होगी, इसका अनुमान लगाया जा सकता है। आयकर और लोकायुक्त के छापे पड़ रहे हैं, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों के यहां लाखों-करोड़ों रूपयों की बेनामी संपत्ति मिल रही है, सरकार के एक साल की यही सच्चाई है। श्री पटवारी ने कहा कि 20 से प्रदेश में भाजपा की सरकार है, यह सरकार जनता की नहीं, माफियाओं की सरकार हैं, जो भाजपा की सांठगांठ से चल रही है, जिसे पहले शिवराज सिंह ने चलाया और अब मोहन यादव चला रहे हैं। कर्ज की सरकार चल रही है। प्रत्येक व्यक्ति पर 70 हजार का कर्ज है और सरकार द्वारा कर्ज के नाम पर राजनीतिक अय्याशी की जा रही है। मेरे पास इससे नीचे का काई शब्द नहीं है।

हिरदाराम के निर्वाण दिवस पर सेवा का संकल्प दोहराया समाजसेवियों ने

भोपाल (हिनप्र)। जरूरतमंदों की सेवा की राह पर चलने वाले पढ़ाने वाले संत स्वामी हिरदारामजी साहिब को उनके महाप्रयाण दिवस पर याद किया गया। संतनगर में धार्मिक एवं सेवा कार्य हुए।

कुटिया में संत सिद्धभाऊजी के सानिध्य में पाठ साहिब का समापन हुआ। दिनभर कुटिया में नमन करने वालों का तांता लगा रहा। महाप्रयाण दिवस पर कुटिया में धाम में सुबह छह बजे से धार्मिक कार्यक्रम शुरू हो गए थे। संतजी के शिष्य सिद्धभाऊजी के सानिध्य में तीन दिन से चल रहे संपद पाठ साहिब का समापन हवन के साथ हुआ। इसके बाद प्रसादी बांटी गई। सिद्धभाऊजी ने सेवाधारियों एवं कार्यकर्ताओं को और अधिक सेवा का संकल्प दिलाया। स्वामीजी के आदर्शों पर चलकर समाज जरूरत मंदों की सेवा की सीख दी। कुटिया पर संतजी को नमन करने के लिए आम और खास लोगों का तांता लगा रहा। मंत्री विश्वास सारंग, महापौर मालती राय व अन्य विशिष्ठजनों ने पुष्पांजिल अर्पित की। सुबह 7 से शाम 7 बजे तक समाधि स्थल के द्वार खुले रहे। मिश्री का प्रसाद लेकर श्रद्धालु सेवा का संकल्प लेकर लौटे। कुटिया में मंत्री विश्वास सारंग, महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी ने माथा टेका। नवयुवक सभा भवन में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, सुबह 10 से रात 10 बजे तक चले भंडारे में हजारों संतनगर वासियों ने प्रसादी ग्रहण की।

संतजी की पुण्यतिथि पर सेवा सदन में 102 रोगियों के नेत्र ऑपरेशन

भोपाल (हिनप्र)। प्रतिवर्ष परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी के अवतरण दिवस (21 सितम्बर) एवं पुण्यतिथि (21 दिसम्बर) पर सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय नि:शुल्क ऑपरेशन करता है । इस वर्ष भी महाप्रयाण दिवस पर सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में 102 रोगियों के मोतियाबिंद तथा अन्य प्रकार के नेत्र ऑपरेशन किये गये । इनमें 49 पुरूष तथा 53 महिला नेत्र रोगी शामिल है ।

सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया

संत स्वामी हिरदारामजी के महाप्रयाण दिवस पर संतनगर-गांधीनगर के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए। शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने संतजी की सेवा की राह पर चलने का संकल्प लिया। साधु वासवानी स्कूल स्वामी हिरदाराम जी को याद किया गया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि संतजी ने जो सिमरन व समर्पण का मार्ग हमें दिखाया है एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, संतजी के अनुयायी अनिल चोटरानी, सिंधी सेंट्रल पंचायत के महासचिव सुरेश जसवानी, समाजसेवी चंद्रप्रकाश इसरानी, संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी, समाजसेवी वासदेव वाधवानी ने संतजी के सेवा की राह पर चलने का संकल्प दोहराया।

महर्षि विद्या मंदिर में जन जागरुकता अभियान संपन्न

भोपाल (काप्र)। अंतरराष्ट्रीय विश्व ध्यान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को तनावपूर्ण परिस्थितियों नकारात्मक तत्वों से जूझने की चुनौतियां क्रोध चिड़चिड़ापन अनिद्रा तनाव अवसाद प्रेरणा द्रव्य आहार समस्याओं के समाधान स्वस्थ शरीर और मन में संतुलन बनाने के लिए संपूर्ण स्वास्थ्य बेहतर व्यवहार के माध्यम से मन में संतुलन स्थापित करके व्यक्तिगत कौशल के माध्यम से श्रेष्ठ योगदान हेतु संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व ध्यान दिवस पर योग के लाभ सुखासन वज्रासन सिद्धासन सामूहिक शांति पाठ शादी के माध्यम से विद्यार्थियों के जीवन में योग का ध्यान का महत्व जिससे शारीरिक और मानसिक संतुलन बना रहे अधिकतर ध्यान पढ़ाई लिखाई में रहे आपराधिक प्रवृत्तियों की तरफ ना जाए घर में बड़ों का सम्मान हो जीवन में हमेशा आगे बढ़ाने की परिकल्पना बनी रहे अपराधों के दुष्परिणाम महिला अपराधों से संबंधित कानून के प्रावधान आदि पर चर्चा की गई एवं उन्हें जागरूक कर बताया गया।

निटर और रक्षा मंत्रालय के मध्य रक्षा क्षेत्र के लिए संयुक्त प्रयासों पर चर्चा

भोपाल (काप्र)। रक्षा मंत्रालय के गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय (डीजीक्यूए) की भोपाल इकाई के गुणवत्ता आश्वासन अधिकारी कमांडर कुलदीप एस नेहरा ने परस्पर सहयोग के लिए संस्थान के निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी से विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर संस्थान निदेशक प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि हमारा संस्थान मानव संसाधन को प्रशिक्षण देने के लिए समर्पित संस्थान है। हमारा संस्थान रक्षा क्षेत्र के कर्मचारियों हेतु सेवाकालीन शिक्षा, पूर्व शिक्षा और अनुभव की मान्यता, और विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के निर्माण में पूरी तरह सक्षम है। निटर भोपाल, रक्षा मंत्रालय के साथ किसी भी रूप में कार्य करने पर गर्व महसूस करेगा, और दोनों संस्थाओं के बीच सहयोग से कई नई संभावनाएं उत्पन्न हो सकती हैं।

पेज एक से जारी खबरों के शेष...

युवा उद्यमियों को...

स्टॉल का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने युवा उद्यमी सम्मेलन के आयोजकों, प्रतिभागियों के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज का कार्यक्रम। उद्यमियों के बीच नवाचार, महत्वाकांक्षा और विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित होगा। यह सम्मेलन आत्म-निर्भरता की भावना को दर्शाता है और एक समृद्ध एवं प्रगतिशील मध्यप्रदेश के दृष्टिकोण को पूरा करने की दिशा में सहायक होगा। उद्यमिता आर्थिक विकास की नींव है और युवा प्रतिभाओं को पोषित करना, परिवर्तन और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है। इस तरह के आयोजनों से हम अगली पीढ़ी को बड़ा सोचने, साहसी कदम उठाने और राज्य और राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान करने के लिए सशक्त बनाते हैं। इस अवसर पर उज्जैन के प्रभारी एवं कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, विधायक सतीष मालवीय, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, विवेक जोशी, बहादुर सिंह बोरमुण्डला, सत्यनारायण खोईवाल, प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह, चन्द्रमोली शुक्ला, उद्योगपति आदि उपस्थित थे।

इस यात्रा से...

में जुटे भारतीय समुदाय से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत शहर में 101 वर्षीय पूर्व आईएफएस अधिकारी मंगल सैन हांडा से मुलाकात की। कुवैत रवानगी के पूर्व अपने मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी कुवैत की दो दिन की यात्रा दोनों देशों के बीच दोस्ती के बंधन को मजबूत करने और आपसी लाभ की भविष्य की साझीदारी के लिए एक रोडमैप तैयार करने का अवसर प्रदान करेगी। यात्रा के दौरान मोदी कुवैत के नेतृत्व के साथ चर्चा करेंगे और भारतीय समुदाय से मुलाकात करेंगे। कुवैत रवाना होने से पहले उन्होंने कहा कि शीर्ष कुवैती नेतृत्व के साथ उनकी बातचीत भारत और कुवैत के बीच भविष्य की साझेदारी के लिए एक रोडमैप तैयार करने का अवसर होगी। उन्होंने कहा कि हम कुवैत के साथ पीढ़ियों से जारी ऐतिहासिक संबंधों को बहुत महत्व देते हैं। हम न केवल मजबूत व्यापार और ऊर्जा भागीदार हैं, बल्कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, स्थिरता व समृद्धि से भी हमारे साझा हित जुड़े हैं। मोदी ने कहा कि वह कुवैत के अमीर, युवराज और प्रधानमंत्री के साथ अपनी बैठक को लेकर काफी उत्सुक हैं। मोदी ऐसे समय में कुवैत की यात्रा कर रहे हैं जब दो सप्ताह पहले सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल-असद के शासन का पतन हो गया और गाजा में इजराइल के हमले जारी हैं। मोदी ने रवाना होने से पहले दिए गए एक बयान में कहा कि कुवैत के शीर्ष नेतृत्व के साथ उनकी बातचीत भारत और कुवैत के बीच भविष्य की साझेदारी का खाका तैयार करने का अवसर देगी।

संसद में कांग्रेस...

करें। हम सब मिलकर ऐसा हादसा दोबारा ना हो, इसके लिए जो भी कदम उठाए जाने हैं, उन सब कदमों पर काम कर रहे हैं। अगले महीने से प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ मेले को लेकर पूछे सवाल पर श्री शेखावत ने कहा कि प्रयागराज में विश्व का सबसे बड़ा मानवों का एकत्रीकरण होगा। ऐसा अनुमान है कि 45 दिन के महाकुंभ में 45 करोड़ से ज्यादा लोग आएंगे। चीन और भारत को छोड़कर इतनी आबादी दुनिया के किसी देश में नहीं है, जितने लोगों का एकत्रीकरण मेले में होगा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ को लेकर उत्तरप्रदेश और केन्द्र सरकार दोनों मिलकर काम कर रही हैं। देश-विदेश से आने वाले लोग एक भारत, श्रेष्ठ भारत का अनुभव करें, इसके लिए हम सब काम कर रहे हैं। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में पधारो म्हारे देश भारत शिखर सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए श्री शेखावत ने कहा कि देश की ताकत उसकी युवा पीढ़ी के नवाचार और ऊर्जा में निहित है।

मेला मंच पर 80 कलाकारों ने बिखेरी दक्षिण भारत की सांस्कृतिक छटा

भोपाल (काप्र)। राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेला मंच पर शनिवार को कलांजलि ग्रुप द्वारा दक्षिण भारतीय लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। इसमें 80 कलाकारों ने दक्षिण भारत के अलग-अलग राज्यों केरल, तमिलनाडु, उड़ीसा, कर्नाटक सहित अन्य राज्यों की प्रस्तुति दी गई। इसमें गणेश पुष्पांजलि, काली नृत्य, नृत्याति नृत्याति, केरल लोक आदिवासी नृत्य, तमिल लोक नृत्य, मोहिनीयाट्टम, तेलुगु लोक नृत्य, थिय्यम, वासुदेव कुटुम्बकम और ग्रैंड फिनाले की प्रस्तुति दी गई। रविवार को भोजपुरी सिंगर गुंजन सिंह और निशा उपाध्याय भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति देंगी। मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास विरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, सुनील शाह, महेंद्र नामदेव, अखिलेश नागर, विनय सिंह, केश कुमार शाह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

नाम परिवर्तन/ जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती सुनीता पटेल पत्नी श्री भुवनेन्द्र सिंह पटेल, मेरे पुत्र का नाम विहान रोशन आत्मज श्री भुवनेन्द सिंह पटेल आयु लगभग 15 वर्ष (14/3/2009) निवासी मकान नं.- 172 डी, हेवन्स लाईफ, कटारा हिल्स बर्राई भोपाल है, जो सत्य व सही है। मेरे पुत्र का पूर्व में जो नाम वंश पटेल अंकित था जिसे मेरे द्वारा बाद में विहान रोशन करवा दिया है अब मेरा पुत्र विहान रोशन के नाम से जाना जाता है तथा में इस जाहिर सूचना के माध्यम से मेरे पुत्र का नाम विहान रोशन करवा रही हूं, यदि मेरे पुत्र के नाम के संबंध में अगर किसी को कोई भी आपत्ति हो तो मेरे उपरोक्त निवास पर आपत्ति दर्ज करायें।

श्रीमती सुनीता पटेल
पता- मकान नं- 172 डी, हेवन्स लाईफ, कटारा हिल्स बर्राई भोपाल म.प्र

2962

कार्यालय थाना प्रभारी थाना हनुमानगंज भोपाल

क्र.था./प्र./हनु./भो./मर्ग क्र.36/24/01/12/24 **दिनांक 20/12/2024**

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01/12/24 को सूचक राजेन्द्र उर्फ राजा सैन पिता कल्लू सैन उम्र 32 साल निवासी मन 140 गली क्र 03 अटल अयुब नगर थाना गौतमनगर भोपाल मो न 9340333481 ने थाना उपस्थित आकर मौखिक सूचना दिया कि ऊपर लिखाये पते पर रहता हू तथा नादरा बस स्टेण्ड पर बस एजेंटी का काम करता हूं। मैं आज दिनांक 01.12.24 सुबह करीब 10.00 बजे बस स्टेण्ड पर पहुंचा तो न्यू राइल ट्रेवल्स के पास नादरा बस स्टेण्ड भोपाल पर एक अज्ञात महिला पेट के बल पडी थी जिसकी उम्र करीबन 50 साल होगी जो क्रीम रंग की स्वेटर पहने थी, जिसके बाल गुलाबी थे, सांवले रंग की है, जिसका चेहरा लंबा, दांत बाहर, जिसे मैने व आस पास के लोगो ने हिला डुला कर एवं पानी डाल कर देखा जिसमे कोई हलचल नही हो रही थी जिसकी मृत्यु हो चुकी थी उक्त महिला करीबन 05 साल से वही पर घूम फिर कर मांगती खाती थी तथा फुटपाथ पर सोती थी लोग उसे लक्ष्मी बोलते थे उसके वारिस की कोई जानकारी नही है बीमार रहती थी जिसकी मृत्यु की सूचना देने थाने आया हूं सूचना देता हू कार्यवाही की जावे । की सूचना पर मर्ग क्र. 36/24 धारा 194 बीएनएसएस का कायम कर जाँच मे लिया गया है। मृतिका अज्ञात महिला लक्ष्मी उम्र करीबन 50 वर्ष के परिजनो की तलाश पतारसी के सतत् प्रयास जारी है किन्तु मृतिका के संबंध मे परिजनो व वारिसानो का कोई पता नही चल पा रहा है मृतिका अज्ञात महिला लक्ष्मी के बारे मे कोई जानकारी प्राप्त हो तो थाना हनुमानगंज भोपाल के संपर्क नं. 0755-2677323 अथवा 9479990603 एवं जाँच अधिकारी के मोबाईल नं. 7049105280 पर सूचना देने का कष्ट करें।

जी-20553/24 **थाना प्रभारी थाना हनुमानगंज जिला भोपाल (म.प्र.)**